फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय नि0 Q-3 गोविन्दनगर हाऊसिंग बोर्ड, धोईन्दा जिला राजसमन्द
— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 77/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 23.09..2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पत्र क्रमांक :— भू.अ./RTI/2025/3177—78 दिनांक 23.09.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय, तत्कालीन पटवारी पटवार मण्डल छापली तहसील भीम, म. नं. Q-3 गोविन्दनगर, हाउसिंग बोर्ड, धोईन्दा, जिला राजसमन्द पिन — 313342 के द्वारा चाही गई वर्ष 2010—11, 2011—12, 2012—13, 2013—14, 2014—15 तक जी ए 55A की सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3112 दिनांक 19.09.2025 से अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी गई। तथा फायनेन्सिय वर्ष 2015—16 (दिनांक 02.11.2015 तक) की जी ए 55A की सूचना कार्यालय के पत्र क्रमांक 3177—78 दिनांक 23.09.2025 से भिजवायी गयी। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को भिजवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)